UNIVERSITY NEWS 23 APRIL 2026

DAINIK JAGRAN

आर्ट्स कालेज : छात्रावास और भवन का कायाकल्प

आर्ट्स कालेज में विद्यार्थियों के लिए ओपेन जिम स्थापित किया गया • सौ. कालेज

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) के भवन और प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास के सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो गया है। शासन ने इसके लिए करीब पांच करोड़ 11 लाख 67 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके तहत पूरे परिसर की सूरत बदली गई है। नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी करेंगे।

दरअसल, लंबे समय से आर्ट्स कालेज और यहां के छात्रावास में सुविधाओं की कमी थी। छात्रावास से लेकर विद्यार्थियों के बैठने वाले कमरों की स्थिति तक बदहाल थी। प्राचार्य एवं डीन डा. रतन कुमार ने बताया कि छात्रावास के 36 कमरों का पूरी तरह कायाकल्प किया गया है। बरामदों, छत, शौचालय, मेस और डायनिंग हाल का नवीनीकरण कर उन्हें बेहतर बनाया गया है। नए सत्र में इसका आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के सहयोग से प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास के सामने ओपेन जिम स्थापित किया गया है। परिसर के अंदर की सड़कों को भी दुरुस्त किया गया है।

लवि में आइक्यूएसी की नई टीम गठित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आइक्यूएसी) की नई टीम गठित कर दी गई है। इसमें चेयरपर्सन कुलपति प्रो. जेपी सैनी, निदेशक प्रो. विनोद सिंह सहित 23 सदस्य शामिल हैं। वि.

लवि : ग्रीन फेयर में लगी उत्पादों की प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में लगे उत्पादों की जानकारी लेते कुलपति प्रो. जेपी सैनी • सौ. लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ वाइल्डलाइफ साइंस में बुधवार को "ग्रीन फेयर" के आयोजन के साथ पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. जेपी सैनी और कुलसचिव भावना मिश्रा ने किया। प्रदर्शनी में 14 ग्रीन स्टाल लगाए गए, जिनमें विभिन्न एनजीओ और पर्यावरण-अनुकूल समूहों ने प्रतिभाग किया। प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि प्रदर्शनी में मोटे अनाज से बने उत्पाद, मंदिर के फूलों से बने हवन कप, सूखे कोन आदि के स्टाल लगाए गए। वि.

प्रमोशन के लिए शिक्षकों के साक्षात्कार छह मई से

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने विभिन्न विभागों में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति के लिए मई माह में साक्षात्कारों की तिथियां तय कर दी हैं। छह मई को कंप्यूटर साइंस, सात मई को प्रबंधन एवं बाटनी, 12 मई को रसायन विज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, 13 मई को भौतिकी एवं विधि विभाग में साक्षात्कार होंगे। शेष विभागों में भी लंबित प्रमोशन की तिथियां जल्दी ही घोषित की जाएंगी। कुलपति ने कहा कि समय पर पदोन्नति मिलना शिक्षकों का अधिकार है। वि

DAINIK JAGRAN

सिखाया गया योग

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीकेटी के संयुक्त तत्वाधान में कालेज परिसर में योग चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। लवि के विद्यार्थी बाबी खान, मोनिका सिंह, विनीत, अर्चना सिंह, संजना, सपना, नम्रता, शौर्या, व्याख्या सिंह ने योग शिविर में योग प्रशिक्षण दिया। मुख्य वक्ता योग फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने कहा कि योग प्रदर्शन नहीं बल्कि दर्शन का विषय है। इसके अभ्यास से तन और मन दोनों स्वस्थ होते हैं। वि.

कुलपति ने किया दो विभागों का निरीक्षण

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने बुधवार को जंतु विज्ञान विभाग और बायोकेमिस्ट्री विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग के शिक्षकों और छात्रों से संवाद स्थापित किया। प्रयोगशालाओं का दौरा कर विभाग की भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बायो केमिस्ट्री विभाग में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरणों और संसाधनों का अवलोकन किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों के साथ हुई बैठक में विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम सुधार और नई शोध परियोजनाओं की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं, जंतु विज्ञान विभाग में कुलपति स्नातक प्रयोगशालाओं को देखा। वि.

पीएचडी में प्रवेश के लिए आंसर-की जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को पीएच.डी में प्रवेश के लिए 24 विषयों की आंसर की जारी कर दी। इनमें एआइएच, साइकोलाजी, मैथ्स, होमसाइंस, बाटनी, एनवायरमेंट साइंस, बायोकेमिस्ट्री, सांख्यिकी, डिफेंस स्टडीज, कामर्स, कंप्यूटर साइंस, इंग्लिश, फाइन आर्ट्स, फ्रेंच, जाग्रफी, इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज, मास कम्युनिकेशन, लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस, ओरिएंटल संस्कृत, फिजिकल एजुकेशन, फिलासफी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, उर्दू व संस्कृत शामिल हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि इन विषयों में जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी है वह आंसर-की से मिलान कर सकते हैं। वि.

HINDUSTAN

एलयू शिक्षकों के प्रमोशन का साक्षात्कार छह मई से

लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों ने करियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के तहत पदोन्नति के लिए साक्षात्कारों का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है, जो आगामी छह मई से शुरू होंगे। मई माह में विभिन्न विभागों के लिए साक्षात्कार की तिथियां सुनिश्चित की गई हैं।

एआईटीच से रटने का अंत समझकर पढ़ेंगे विद्यार्थी

शोध

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद तलहा सिद्दीकी ने एक ऐसा नया तरीका खोजा है जिससे छात्र रटने के बजाय समझकर और अपनी पसंद से पढ़ सकेंगे। उनके इस शोध को एबीडीसी इंडेक्स्ड जर्नल में प्रकाशित भी किया गया है। डॉ. सिद्दीकी ने अपने शोध में 'एआई-टीच' नाम का एक मॉडल पेश किया है।

इसका आसान मतलब यह है कि अब कंप्यूटर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बच्चों के भविष्य को संवारने में किया जाएगा। डॉ. सिद्दीकी का मानना है कि यह तकनीक छात्र की जरूरत के हिसाब से पाठ्य सामग्री तैयार करेगी। यह मॉडल सिर्फ अंकों पर नहीं, बल्कि छात्रों की खुशहाली और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर देता है।

I NEXT

ग्रीन फेयर में लगी उत्पादों की प्रदर्शनी

एलयू के इंस्टीट्यूट आफ वाइल्डलाइफ साइंस में ग्रीन फेयर के आयोजन के साथ पृथ्वी दिवस मनाया. इस अवसर पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन वीसी प्रो. जेपी सैनी और कुलसचिव भावना मिश्रा ने किया. प्रदर्शनी में 14 ग्रीन स्टाल लगाए गए, जिनमें विभिन्न एनजीओ और पर्यावरण-अनुकूल समूहों ने प्रतिभाग किया. वीसी ने प्रत्येक स्टाल का भ्रमण कर वहां रखे उत्पादों को देखा.

SWATANTRA BHARAT

लविवि में पृथ्वी दिवस पर ग्रीन फेयर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्डलाइफ सइंस स्थित ईआईएसीपी द्वारा को पृथ्वी दिवस पर ग्रीन फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी एवं रजिस्ट्रार भावना मिश्रा ने किया। प्रो. अमिता कनौजिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में 2500 से अधिक छात्र-शिक्षक शामिल हुए। ग्रीन फेयर में 14 स्टॉल लगाए गए, जिनमें मिलेट उत्पाद, जूट सामग्री, फूलों के कचरे से बनी अगरबत्तियां, जलकुंभी से खाद तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य मिशन लाइफ के तहत टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देना और कचरे व आक्रामक प्रजातियों के उपयोग से 'सर्कुलर इकोनॉमी' की अवधारणा को समझाना था। यह आयोजन विश्वविद्यालय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

योग प्रदर्शन नहीं जीवन दर्शन : डॉ अमरजीत

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। [illegible]

बायोकेमिस्ट्री विभाग का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। [illegible]

लविवि में प्लेसमेंट सेल मेन कैम्पस में आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। [illegible]

कुलपति ने किया विश्वविद्यालय का दौरा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। [illegible]

AMRIT VICHAR

नींद के हार्मोन चुरा रही है मोबाइल की ब्लू लाइट

सोशल मीडिया का अधिक उपयोग तनाव, चिंता और डिप्रेशन का कारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• योग प्रदर्शन नहीं, दर्शन का विषय है, जिसके अभ्यास से तन और मन स्वस्थ होते हैं

योगाभ्यास सत्र में हिस्सा लेते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन और चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग व स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मोबाइल और लैपटॉप के प्रयोग को सीमित करने पर बल दिया। विशेषज्ञों ने योग के प्रभाव से शरीर में बनने वाले सकारात्मक हार्मोन और अनियमित जीवनशैली से बनने वाले नकारात्मक प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि योग प्रदर्शन नहीं बल्कि दर्शन का विषय है, जिसके नियमित अभ्यास से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और शरीर में चेतना का विकास होता है।

डॉ. यादव ने कहा कि आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर अधिक समय व्यतीत कर रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में दर्द, सिरदर्द, गर्दन और पीठ की समस्याएं बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग तनाव, चिंता और डिप्रेशन को बढ़ा रहा है तथा इससे आत्मविश्वास में भी कमी आती है। उन्होंने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान और योग निद्रा के अभ्यास से तनाव कम होता है, मन शांत रहता है और नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि रात में मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग नींद के लिए जिम्मेदार हार्मोन मेलाटोनिन को प्रभावित करता है। स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट नींद की प्रक्रिया को बाधित करती है, जिससे नींद की गुणवत्ता खराब होती है। डिजिटल जीवनशैली के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं, जिससे मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास सत्र में भाग लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, आशुतोष, डॉ. सत्येंद्र सिंह चौहान सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

TIMES OF INDIA

GREEN AWARENESS RAISED AT EARTH DAY EVENTS

LU event highlights some green wonders

The fair featured 14 stalls set up by NGOs and eco-friendly groups

Times News Network

Lucknow: Ever thought water hyacinth can be transformed into an excellent fertilizer, decorative storage baskets and eco-friendly handbags? Considered one of world's most aggressive and destructive aquatic weeds, it is often spotted floating on Gomti river, posing risk to aquatic life.

Many such conservation and productive techniques were exhibited during a 'Green Fair' organised by Lucknow University at the Institute of Wildlife Sciences on the World Earth Day held Wednesday.

The exhibition served as a platform to advocate for environmental conservation and to showcase sustainable alternatives and conservation strategies.

The fair featured 14 specialised stalls set up by various NGOs and eco-friendly groups, with focus on the 'Mission LiFE' (Lifestyle for Environment) initiative.

Over 2,500 visitors, comprising primarily university students and faculty members, learned conservation strategies, recycling and eco-friendly techniques.

"Exhibits made us aware of how temple floral waste is collected and is being used for making spiritual products like hawan cups and incense sticks and others," said LU student Shriza.

'Small actions can yield green benefits'

Uttar Pradesh Pollution Control Board (UPPCB) on Wednesday observed Earth Day with a plantation activity led by RP Singh, chairman, UPPCB, along with other officials at the headquarters. Singh said, "Sustainable transformation is rooted in individual accountability. Let each one of us take significant steps in our daily lives to safeguard our surroundings. Small actions collectively undertaken can yield far-reaching and enduring environmental benefits." TNN

NBT

हॉस्टलों में जुगाड़ से एंट्री पर एलयू ने लगाया बैरियर

खाली कमरों पर प्रतिदिन के हिसाब से रहने आए छात्रों के स्थाई कब्जे होंगे खत्म

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के कई हॉस्टलों में बिना आवंटन के छात्र रह रहे हैं। मामले में जब एलयू प्रशासन से शिकायत हुई तो जांच समिति का गठन किया गया है। यह कमिटी न सिर्फ मामले की जांच कर रही है बल्कि ऐसे सभी छात्रों को अब हॉस्टल से बाहर किया जा रहा है, ताकि पात्र छात्रों को ही हॉस्टल मिल सके। विवि के हॉस्टलों में गेस्ट के आने पर प्रतिनिधि के हिसाब से शुल्क देकर रहने का नियम है। विवि में कई छात्रों को भी यह सुविधा दी गई। इसमें सामने आया है कि कई छात्र ऐसे भी हैं जो लंबे समय से बिना शुल्क दिए ही रह रहे हैं। पूर्व प्रोवोस्टों की ओर से प्रतिदिन शुल्क के हिसाब से दिए गए कमरों पर अब स्थायी कब्जे हो गए हैं। ऐसे छात्रों को बाहर कर दिया गया है। साथ ही अब विवि में इस पूरे प्रकरण की जांच भी की जा रही है।

मामले में डीएसडब्ल्यू प्रो. आशीष अवस्थी ने बताया कि विवि की हॉस्टलों में गेस्ट के लिए रहने का नियम है। शिकायत आई थी कि कई बाहरी छात्र रह रहे हैं। विवि गंभीरता से इस मामले की जांच कर रहा है। कई छात्रों ने सूचना के बाद कमरा खाली भी कर दिया है। हॉस्टल में वर्तमान में कोई भी बाहरी नहीं रह रहा है। कमिटी जांच करेगी और आगे यह न हो इसके लिए सख्त निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर-की जारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** LU की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर की बुधवार को विवि की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी आंसर की में अंक देख सकते हैं। कुल 24 पाठ्यक्रमों की उत्तर-कुंजी जारी की गई है। इसमें प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, मनोविज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, वनस्पति विज्ञान पर्यावरण विज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, सांख्यिकी, रक्षा अध्ययन, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस, अंग्रेजी, फाइन आर्ट्स और फ्रेंच भूगोल, पत्रकारिता एवं जनसंचार, लाइब्रेरी साइंस, ओरिएंटल संस्कृत, संस्कृत, उर्दू, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा और लोक प्रशासन शामिल है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर आंसर की देख सकते हैं। अगर किसी अभ्यर्थी को रिजल्ट से जुड़ी कोई आपत्ति है तो वह विवि के ऐडमिशन सेल की आईडी luadmissions25@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

AAJ

अपनी धरती मां का संरक्षण करें, नहीं तो हम सब नष्ट हो जाएंगे

'पृथ्वी दिवस' पर वैज्ञानिकों ने दिया पर्यावरणीय संवेदनशीलता विकसित करने का संदेश

[illegible]

I NEXT

आर्ट्स कालेज मे ओपेन जिम की जल्द सुविधा

शासन की ओर से दिए गए 5,11,67000 रु. से हुआ सुंदरीकरण का काम

LUCKNOW (22 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) के भवन और प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट हास्टल के सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो गया है. शासन ने इसके लिए करीब पांच करोड़ 11 लाख 67 हजार की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके तहत पूरे कैंपस की सूरत बदली गई है. नवीनीकृत कैंपस का उद्घाटन गुरुवार को वीसी प्रोफेसर जेपी सैनी करेंगे.

हास्टल की कमी थी

दरअसल, लंबे समय से आर्ट्स कालेज और यहां के हास्टल में सुविधाओं की कमी थी. हास्टल से लेकर स्टूडेंट्स के बैठने वाले कमरों की स्थिति तक बदहाल थी. इसी वजह से वर्तमान में किसी भी स्टूडेंट को यहां हास्टल आवंटित नहीं किया गया. कई बार प्रयास के बाद शासन ने धनराशि उपलब्ध कराई, जिसके बाद सुंदरीकरण का काम शुरू हुआ.

36 कमरों का कायाकल्प

प्रिंसिपल एवं डीन डा. रतन कुमार ने बताया कि हास्टल के 36 कमरों का पूरी तरह कायाकल्प किया गया है. बरामदों, छत, टॉयलेट, मेस और डायनिंग हाल का नवीनीकरण कर उन्हें बेहतर बनाया गया है. नए सत्र में इसका आवंटन किया जाएगा.

• रक्षा मंत्री के सहयोग से ओपेन जिम

उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के सहयोग से प्रो. रणवीर सिंह बिष्ट हास्टल के सामने ओपेन जिम स्थापित किया गया है. कैंपस के अंदर की सड़कों को भी दुरुस्त किया गया. मुख्य भवन में भी बड़े स्तर पर सुधार किए गए हैं. कार्यालय, लाइब्रेरी, फाइन आर्ट, टेक्सटाइल, पाटरी और प्रिंट मेकिंग सहित अन्य विभागों के हाल व वर्कशॉप का नवीनीकरण किया गया है. कामर्शियल आर्ट की क्लासों को भी आधुनिक रूप दिया गया है. प्रिंसिपल ने बताया कि नवीनीकृत कालेज भवन एवं हास्टल का उद्घाटन वीसी करेंगे. इस अवसर पर चित्रकला विभाग के अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की ओर से तैयार कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी.

BREAKING NEWS
सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट
जुड़िए हमारे वाट्सएप चैनल से
Scan करें यह QR Code और Follow करें हमारा चैनल.

NBT

आर्ट्स वालों के लिए खुले साइंस के द्वार

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब पीजी करने के लिए फैकल्टी की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। अब बीए वाले एमए की जगह एमएससी कर सकेंगे तो वहीं बीएससी वाले एमए में दाखिला ले सकेंगे। इसके लिए विवि की ओर से दो विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिसमें फैकल्टी की बाध्यता को खत्म किया गया है। इसके अलावा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में भी विवि की ओर से अब बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। सामान्य ग्रैजुएशन के छात्र भी अब साइबर सिक्योरिटी जैसे टेक्निकल विषय में डिप्लोमा कर सकेंगे।

एमए करने वाले भी साइंस के कोर्सों में ले सकेंगे दाखिला

न्यू एजुकेशन पॉलिसी में इंटरडिसिप्लिनरी स्टडी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एलयू की ओर से इस बार एमएससी इन वाइल्ड लाइफ साइंसेज और एमए इन न्यूट्रिशनल साइंसेज का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। किसी भी विषय से यूजी करने वाले छात्र इन दोनों में ही दाखिला ले सकेंगे। इसमें दाखिले के लिए सिर्फ ग्रैजुएशन होना जरूरी है। वीसी प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि दोनों ही कोर्स का काफी स्कोप है। लाइफ स्टाइल डिजीज में इजाफा होने के बाद न्यूट्रिशनिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है। तो वहीं वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की भी डिमांड है। इसीलिए इन कोर्सों में फैकल्टी की कोई बाध्यता नहीं रखी गई है।

डिप्लोमा भी शुरू

एलयू की ओर से तीन नए डिप्लोमा प्रोग्राम भी शुरू किए गए हैं। इसमें पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी को इस बार से शुरू किया गया है। इसमें भी किसी भी कोर्स के छात्र दाखिला ले सकेंगे। वीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार हर जिले में साइबर सेल बनाने जा रही है। ऐसे में साइबर एक्सपर्ट की जरूरत को पूरा करने के लिए हमने इसमें यूजी और डिप्लोमा दोनों ही पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। पीजी डिप्लोमा में हमने इसीलिए फैकल्टी की बाध्यता को खत्म कर दिया है। विवि ने पीजी डिप्लोमा इन नैशनल रिसोर्सेज ऐंड गवर्नेंस और डिप्लोमा इन टूरिज्म ऐंड कल्चरल हेरिटेज ऑफ इंडिया को भी इसी बार से शुरू किया गया है। इंडियन नॉलेज सिस्टम को प्रमोट करने के लिए ये कोर्स शुरू किए गए हैं।

AMAR UJALA

लविवि में आज मेगा प्लेसमेंट ड्राइव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे से प्लेसमेंट सेल और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ के सहयोग से मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। इसमें कंपनियां पांच हजार पदों पर युवाओं का चयन करेंगी। इन्हें लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, अयोध्या, कानपुर, दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई, अहमदाबाद में काम करने का अवसर मिलेगा। प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि 22 अप्रैल तक पंजीकरण का मौका दिया गया था। रजिस्ट्रेशन करवाने वालों को सीवी की हार्ड कॉपी भी साथ लानी होगा। चयनितों को 28 से 30 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। (संवाद)

नोडल व परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर-2026 की परीक्षाओं को लेकर बुधवार को अहम सूचना जारी की। विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए नोडल और परीक्षा केंद्रों की अस्थायी सूची घोषित हुई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सुझावों के आधार पर जरूरत हुई तो अंतिम सूची में बदलाव किया जा सकता है। विस्तृत परीक्षा केंद्रों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर है। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रयोगशालाओं का लिया जायजा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी. सैनी ने बुधवार को बायोकेमिस्ट्री और प्राणि विज्ञान विभागों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों से संवाद भी किया। प्राणि विज्ञान विभाग में बीएससी व एमएससी प्रयोगशालाओं, केंद्रीय उपकरण सुविधा, विभागीय पुस्तकालय और पशु संग्रहालय को देखा। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया ने जानकारी दी। (संवाद)